ONGC's foreign earnings

*110. PROF. M.M. AGARWAL: Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state:

(a) the total foreign exchange earnings and foreign exchange outgo of ONGC during the current financial year; and

(b) the details of measures being taken by Government to reduce foreign exchange outgo?

THE MINISTER OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (SHRI RAM NAIK): (a) and (b) A Statement is laid on the Table of the House.

Statement

(a) During April to September, 2003, Oil and Natural Gas Corporation Ltd. (ONGC) had foreign exchange earnings of Rs. 165.56 crores and an outgo of Rs. 1679.39 crores. Further, during the same period, it produced crude oil valued at around Rs. 11,097 crores, and saved foreign exchange for our oil refineries to this extent.

(b) A number of measures have been taken by ONGC to reduce foreign exchange outgo for its operations. These, *inter alia*, include prepayment of loans, reduction in foreign currency loans, prudent financial management, purchase preference to Indian Public Sector Undertakings, preferences to Indian Flag Vessels and various research and development activities to abridge critical gaps in technology.

प्रो॰ एम॰एम॰ अग्रवाल: सभापति महोदय, मंत्री जी ने मेरे प्रश्न का जो उत्तर दिया है, उसमें थोड़ा सा गैप रह गया है। ओ॰एन॰जी॰सी॰ की अर्निंग 165 करोड़ है – जैसा कि इन्होंने बताया है और जो आउटगोइंग है वह 1600 करोड़ से ज्यादा है। तो जो गैप है, इसको भरने का क्या प्रोग्राम है और इसको सरकार कैसे भरेगी, यह मंत्री जी बताएं।

श्री राम नाईक: सभापति जी, प्रश्न फॉरेन एक्सचेंज अर्निंग्ज का है, टोटल अर्निंग्ज़ का नहीं है। फॉरेन एक्सचेंज अर्निंग्ज़ जो हैं, वह ओ॰एन॰जी॰सी॰ के हिसाब से बहुत ही कम है, 165 करोड़ और जो आउटगोइंग है, क्योंकि हमें सर्वे वगैरह के लिए विदेश से शिप लाने पड़ते हैं, अभी हम गहरे समुद्र में सर्वे कर रहे हैं, तो इन सर्विसिज़ के लिए फॉरेन एक्सचेंज का आउटगोइंग है। लेकिन ओ॰एन॰जी॰सी॰ जो असली काम करता है, वह हमने दिया है कि If ONGC would not have brought out so much crude... 11,097 करोड़ रुपए का क्रूड देश में निर्माण किया है। यह एक्चुअली अर्निंग है और इसलिए हमने यह जानकारी दी है।

प्रो॰ एम॰एम॰ अग्रवाल: लेकिन जैसे पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स हैं – मंत्री जी ने बहुत काम किया है पेट्रोलियम मिनिस्ट्री में, इसमें कोई शक नहीं है, बहुत तारीफ की बात है लेकिन क्या आपने

पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स का कोई substitute पैदा किया है? जैसे डीज़ल है, केरोसीन है, पेट्रोल है, सीएनजी है और दूसरे अन्य प्रोडक्ट्स हैं। जब तक आप इनका कोई substitute पैदा नहीं करेंगे, तब तक फॉरेन अर्निंग्ज़ का यह गैप पूरा नहीं हो सकता है।

श्री सभापति: मंत्री जी, आप गैप पूरा करने की चिंता कीजिए।

श्री राम नाईक: सभापति जी, गैप पूरा करने के लिए देश में हम और एक्सप्लोरेशन करने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन और दो बातों की जानकारी सदन को भी होनी चाहिए कि कोल्ड बैग मीथेन हम निर्माण करना शुरू कर रहे हैं। फिर देश में हमने ईथनॉल शुरू कर दिया है, अभी एक साल हो गया है पांच परसेंट। इसके कारण देश में और ऊर्जा का निर्माण हो सकता है और फॉरेन से जो इम्पोर्ट होता है, वह कम हो सकेगा।

पेट्रोलियम पदार्थों का आयात और निर्यात

*111. **श्री कपिल सिब्बल:**††
श्री लाजपत राय:

क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि वर्ष 2002-03 के दौरान अनेक पेट्रोलियम पदार्थों का आयात और निर्यात किया गया;

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त अवधि में किस-किस पदार्थ का कितना-कितना तथा कितने-कितने मूल्य का आयात व निर्यात किया गया ; और

(ग) इस प्रकार आयात एवं निर्यात किये गये प्रत्येक पदार्थ की औसत विक्रय दर व क्रयदर क्या-क्या थी?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री (श्री राम नाईक): (क) से (ग) एक विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

विवरण

(क) जी, हां।

---

††यह प्रश्न सभा में श्री कपिल सिब्बल द्वारा पूछा गया।